दिनांक 16 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राशन कार्ड का नवीनीकरण के लिए लग रहा शिविर, पहले दिन 13486 फार्म का हुआ वितरण

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग संचालनालय इंद्रावती भवन रायपुर द्वारा प्राप्त पत्र एवं सचिव छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक उपभोक्ता संरक्षण रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश के तारतम्य में वर्तमान में प्रचलित राशन कार्ड के नवीनीकरण के लिए कलेक्टर श्री अंकित आनंद ने नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों का दल का गठन कर 15 जुलाई से 29 जुलाई तक के लिए शिविर हेतु आदेश जारी कर ड्यूटी निर्धारित कर दी है! राशन कार्ड नवीनीकरण का शिविर चयनित स्थलों पर लग रहा है, खाद्य विभाग द्वारा प्रदाय की गई सूची में राशन कार्ड धारकों का नाम होना आवश्यक है सूची समस्त दल को प्रदाय कर दी गई है , विभिन्न शिविरों के माध्यम से प्रथम दिन लगभग 13486 फार्म का वितरण किया गया एवं 39 आवेदन भरे हुए प्राप्त किए गए बता दें कि लगभग 87149 राशन कार्ड निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बने हुए हैं! राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई है साथ ही सत्यापन दल सहयोगी कर्मचारी एवं प्रावधानित सक्षम अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है जो निर्धारित समय में शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे! सत्यापन दल में संलग्न सहयोगी कर्मचारियों द्वारा राशन कार्ड धारकों को 15 जुलाई से 29 जुलाई 2019 तक निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर विहित प्रारूप 01 मे आवेदन पत्र राशन कार्ड धारकों में वितरित करना तथा उनसे इस प्रपत्र के साथ मुखिया की दो पासपोर्ट साइज फोटो , परिवार के सभी सदस्यों के आधार की छाया प्रति , मुखिया के बैंक खाता की छाया प्रति तथा राशन कार्ड की प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की छाया प्रति के साथ प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है! प्राप्त आवेदनों को प्रतिदिन पंजी में दर्ज किया जा रहा है! बिना आधार वाले राशन कार्ड संदिग्ध एवं शिकायत संबंधी राशन कार्डो की जांच सत्यापन दल द्वारा की जानी है! नोडल अधिकारी प्रतिदिन भ्रमण कर राशन कार्ड नवीनीकरण की सतत मॉनिटरिंग भी करना है! खाद्य विभाग से आए हुए अधिकारी ने प्रशिक्षण मे जानकारी देते हुए कहा था कि नवीन राशन कार्ड का आवेदन अभी नहीं लेना है , इसके लिए शासन से भी कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है! राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए गठित दल के लोगों को राशन कार्ड की सूची , घोषणा पत्र एवं कीट जिसमें रजिस्टर आदि उपलब्ध है प्रदाय कर दिया गया है!

आयुक्त एसके सुंदरानी ने ड्यूटी में नियुक्त समस्त कर्मचारियों को राशन कार्ड नवीनीकरण के कार्यों को गंभीरता से लेकर निर्वहन करने कहा है साथ ही प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने कहा गया है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!